# वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद
# अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001
**www.csir.res.in**

संख्या 3-2(ए)/2023-ई.I(आरसी) दिनांक 21.06.2024

## सूचना

**विषय: सीएसआईआर (CASE-2023) में अनुभाग अधिकारी और सहायक अनुभाग अधिकारी के पद के लिए चरण- II (पेपर- III और सीपीटी) की परीक्षा का कार्यक्रम और प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के संबंध में ।**

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में, CASE-2023 के चरण-II की परीक्षा नीचे दिए कार्यक्रमानुसार आयोजित की जाएगी:

| पद का नाम एवं परीक्षा | परीक्षा तिथि | रिपोर्टिंग का समय |
|---|---|---|
| अनुभाग अधिकारी और सहायक अनुभाग अधिकारी<br><br>**चरण- II परीक्षा**<br><br>**पेपर-III** : प्रात: कालीन सत्र | **07.07.2024 (रविवार)** | **पेपर – III** : वर्णनात्मक पेपर - निबंध, सार और पत्र/आवेदन लेखन (पेन-पेपर आधारित)<br><br>**रिपोर्टिंग समय** : प्रात: 08.30 बजे<br><br>**परीक्षा समय** : प्रात: 10.00 बजे से अपराह्न 12.00 बजे तक |
| सहायक अनुभाग अधिकारी<br><br>**कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा (सीपीटी)**<br><br>अपराह्न का सत्र (केंद्र वही) | | **कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा (सीपीटी)**<br><br>**रिपोर्टिंग समय** : अपराह्न 01.30 बजे<br><br>**परीक्षा समय** : अपराह्न 03.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक |

2. उपर्युक्त पदों के लिए परीक्षा के प्रवेश पत्र सीएसआईआर की वेबसाइट https://www.csir.res.in/case-career-opportunities/recruitment और ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल https://csir.cbtexamportal.in/ पर दिनांक 04 जुलाई , 2024 (प्रात: 10.00 बजे) से उपलब्ध होंगे ।

3. उम्मीदवार अपेक्षित विवरण (अर्थात पंजीकृत ईमेल, जन्म तिथि, मोबाइल ओटीपी आदि) दर्ज करने के बाद अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में उपस्थित होने से पहले प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें । यह भी नोट किया जाए कि परीक्षा केंद्र में परिवर्तन करने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा ।

4. **पेपर-III** परीक्षा और **कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा (सीपीटी)** के लिए परीक्षा की योजना क्रमशः संलग्नक-I और संलग्नक-II पर दी गई है । किसी भी श्रेणी के दिव्यांग उम्मीदवारों को सीपीटी से कोई छूट नहीं दी जाएगी ।

5. विज्ञापन के प्रावधानों के अनुसार स्क्राइब की सुविधा उपलब्ध होगी । जिन उम्मीदवारों ने ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्क्राइब का विकल्प चुना है, उन्हें पेपर- III और सीपीटी के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड करने से पहले निर्धारित प्रपत्र में सम्बद्ध दस्तावेज़ अपलोड करने होंगे ।

6. यदि किसी उम्मीदवार को CASE-2023 के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड/जाँच करने में कठिनाई होती है, तो वह हेल्प डेस्क नंबर 07969049955 (प्रात:09.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक) पर संपर्क कर सकता है । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा से संबंधित जानकारी के लिए सीएसआईआर की आधिकारिक वेबसाइट https://www.csir.res.in/ देखते रहें ।

भवदीय,

ह./-.
उप सचिव (आरसी)

**संलग्न : यथोक्त**

**प्रतिलिपि :**
1. आईटी प्रभाग - सीएसआईआर की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
2. कार्यालय प्रति

**संलग्नक-I** सीएसआईआर के दिनांक 21.06.2024 की वेब नोटिस संख्या 3-2(ए)/2023-ई.I(आरसी)

**पेपर III (वर्णनात्मक पेपर)**

अधिकतम अंक: 150 समय: 2 घंटे

**सामान्य निर्देश:**

1) यह पेपर द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) होगा । उम्मीदवारों को एक माध्यम अर्थात अंग्रेजी या हिंदी चुनना होगा ।
2) यह पेपर ऑफलाइन (पेन पेपर मोड) होगा ।
3) उम्मीदवारों को परीक्षा में प्रश्न-सह-उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका उपलब्ध कराई जाएगी ।

**प्रश्न 1: निबंध लेखन (3 विकल्पों में से किसी 1 विषय पर निबंध लिखें)**

**विषय**: "जीवन मूल्यों पर आधारित सामान्य मूल्य" ।

**शब्द सीमा: 500-600 शब्द**

**अंक आवंटन: 50 अंक**

**प्रश्न 2: निबंध लेखन (3 विकल्पों में से किसी 1 विषय पर निबंध लिखें)**

**विषय**: "विश्लेषण, तथ्य-आधारित, शोध-उन्मुख आधुनिक अवधारणाएँ" पर आधारित

**शब्द सीमा: 500-600 शब्द**

**अंक आवंटन: 50 अंक**

**प्रश्न 3: सार लेखन (01 प्रश्न)**

**विषय**: अनुच्छेद का आकार लगभग 600 शब्दों का होगा । उम्मीदवार अनुच्छेद का सार एक तिहाई में लिखें । सार केवल इसके लिए उपलब्ध कराए गए स्थान में ही लिखा जाना चाहिए ।

**शब्द सीमा**: दिए गए अनुच्छेद का सार **एक तिहाई** में लिखें ।

**अंक आवंटन: 30 अंक**

**प्रश्न 4: पत्र/आवेदन लेखन (01 प्रश्न):**

**विषय**: उम्मीदवारों को दिए गए विषय पर पत्र या आवेदन लिखना होगा ।

**शब्द सीमा: 200-250**

**अंक आवंटन: 20 अंक**

***मूल्यांकन के मानदंड: -***

1. *निबंध लेखन का मूल्यांकन निम्नलिखित पर आधारित होगा **क)** विश्लेषणात्मक गहनता, **ख)** तर्कपूर्ण स्पष्टता और संरचनात्मक सुसंगति, **ग)** साक्ष्य संबंधी दृढ़ता और अनुकरणीय समर्थन, **घ)** आलोचनात्मक सोच और मौलिक अंतर्दृष्टि, **ङ)** समग्र परिप्रेक्ष्य एकीकरण, **च)** निष्कर्ष गुणवत्ता और अग्रगामी-सोच अंतर्दृष्टि, **छ)** भाषा स्पष्टता और शैलीगत सटीकता और **ज)** वर्तनी, विराम चिह्न और कैपिटलाइज़ेशन यथार्थता ।*
2. *सार लेखन का मूल्यांकन निम्नलिखित पर आधारित होगा: **क)** स्रोत पाठ की समझ, **ख)** संक्षिप्तता और स्पष्टता, **ग)** यथार्थता और परिशुद्धता, **घ)** भाषा और लेखन शैली, तथा **ङ)** सुसंगति और संगठन।*
3. *पत्र/आवेदन का मूल्यांकन निम्नलिखित पर आधारित होगा: **क)** विषय-वस्तु की संबद्धता और उपयुक्तता **ख)** स्पष्टता और संक्षिप्तता **ग)** भाषा एवं शैली **घ)** व्याकरण और यांत्रिकी तथा **ङ)** संगठन और संरचना*

**संलग्नक- II** सीएसआईआर के दिनांक 21.06.2024 की वेब नोटिस संख्या 3-2(ए)/2023-ई.I(आरसी)

## कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षण (सीपीटी)

**कुल अंक**: 100 **समय**: 01 **घंटा**

**परीक्षा की योजना**

i. सीपीटी वर्ड प्रोसेसिंग, स्प्रेड शीट, स्लाइड्स तैयार करने आदि में दक्षता का मूल्यांकन करेगा । अभ्यास में एक अनुच्छेद की टाइपिंग और/या अन्य वर्ड प्रोसेसिंग अभ्यास, स्प्रेड शीट तैयार करना, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन तैयार करना और कार्यालय के सामान्य दैनिक कामकाज में आवश्यक संबंधित अभ्यास शामिल होंगे ।

ii. **सीपीटी केवल अर्हक प्रकृति का होगा** । उम्मीदवारों को सीपीटी में सीएसआईआर द्वारा निर्धारित न्यूनतम कट ऑफ अंक प्राप्त करना आवश्यक है ।

1. **माइक्रोसॉफ्ट वर्ड**:
   - **विषय**: एक अनुच्छेद टाइप करना (200-250 शब्द), अन्य वर्ड प्रोसेसिंग अभ्यास में दक्षता और कार्यालय के सामान्य दैनिक कामकाज में आवश्यक संबंधित अभ्यास शामिल होंगे ।
   - **अंक आवंटन**: 40 **अंक**

2. **माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल**:
   - **विषय**: एक स्प्रेडशीट तैयार करना और कार्यालय के सामान्य दैनिक कामकाज में आवश्यक संबंधित अभ्यास शामिल होंगे ।
   - **अंक आवंटन**: 30 **अंक**

3. **माइक्रोसॉफ्ट पावरपॉइन्ट**:
   - **विषय**: पावर पॉइन्ट प्रेजेंटेशन तैयार करना और कार्यालय के सामान्य दैनिक कामकाज में आवश्यक संबंधित अभ्यास
   - **अंक आवंटन**: 30 **अंक**

***नोट***: -

*1. परीक्षा समाप्ति के बाद, उम्मीदवार का कार्य निर्धारित स्थान पर अपलोड किया जाएगा तथा उसका प्रिंटआउट भी लिया जाएगा । उम्मीदवार प्रिंटआउट के प्रत्येक पृष्ठ पर अपना नाम, रोल नंबर लिखकर हस्ताक्षर करेगा तथा उसे निरीक्षक को सौंपेगा ।*

*2. उम्मीदवार के कार्य की मूल्यांकन अपलोड की गई सॉफ्ट कॉपी और प्रिंटआउट के आधार पर किया जाएगा ।*

---